सार-समाचार

कांग्रेसियों को एकजुटता की सीख दी

सायला, (नि.सं.)। भंडारी धर्मशाला में बुधवार को ब्लॉक कांगेस सायला की संगठनात्मक बैठक का जालोर विधानसभा प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया, जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर, जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, पूर्व विधायक प्रत्याशी रमीला मेघवाल एवं ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चंपावत की उपस्थिति में आयोजन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जालोर विधानसभा प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होने एवं बूथ मैनेजमेन्ट को लेकर मार्गदर्शित किया। पुखराज पाराशर ने कहा कि यह संघर्ष का समय है और कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी है, लेकिन जो पार्टी की रीति-नीति से अलग चलेगा उसे संगठन से निष्कासित किया जाएगा। बैठक को सेवादल जिलाध्यक्ष भैरूपालसिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष छगनलाल गहलोत, जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, जिला परिषद सदस्य रामाराम चौधरी, शैतानसिंह धनानी, एडवोकेट रामसिंह चंपावत, गोपाल देवासी, वरिष्ठ कांगेसी नत्थु खान, मांगीलाल राणा ने भी संबोधित किया। ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चंपावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन योगेन्द्रसिंह कुम्पावत ने किया। इस दौरान सूरजपालसिंह सुराणा, महेन्द्रपालसिंह पोषाणा, सुल्तान खान भाटी, चन्द्रसिंह तूरा, लालसिंह भूण्डवा, बाबूसिंह तालियाणा, मोतीसिंह निम्बलाना, इन्द्रसिंह सायला, पृथ्वीसिंह भाटी, मांगीलाल गर्ग, प्रकाश मेघवाल, दीपाराम मेघवाल, पीराराम माली, भोलाराम माली, वगताराम चौधरी, नवाब खान, करताराम चौधरी, वसनाराम देवासी, वोकसिंह दहिया, भैराराम घांची, प्रकाश माली आसाणा, जगदीश सरगरा, चुन्नीलाल बावरी, सद्दाम खान, अमरसिंह, आसु खां, खसाराम, सज्जन कंवर, चंपाराम रांगी समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दत्तात्रेय पुरोहित ने युवा संसद में भाग लिया

जैसलमेर, (नि.सं.)। विधानसभा में बुधवार को राज्यस्तरीय विकसित भारत युवा संसद में भाग लेने आये जैसलमेर के नाचना के दत्तात्रेय ने अपने सारगर्भित भाषण में बताया कि भारत 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ अग्रसर है, दूसरी तरफ करोड़ों लोग भुखमरी की चरम सीमा पर है। दत्तात्रेय ने आगे कहा कि एक तरफ हमारी महिलाएं अंतरिक्ष में जा रही हैं, लेकिन दूसरी तरफ अपने ही घर में असुरक्षित है। एक तरफ हम 2047 तक विश्व शक्ति बनाने का संकल्प कर रहे हैं दूसरी तरफ आज भी दलित न्याय के लिए तड़प रहे है। दत्तात्रेय ने आगे कहा आज एआई का युग है। यूरोप ने एआई पर कानून बना दिए, लेकिन भारत में आईटी एक्ट के बाद कोई कानून इस दिशा में नहीं बनाया गया । आज एआई, रोबोटिक्स का जमाना है, हमारा देश भी कानून में आधुनिक युग के हिसाब से बदलाव करें। एआई पर गाइडलाइन लाए। ज्ञात रहे कि जैसलमेर के नाचना के वरिष्ठ अमृतलाल पुरोहित के पोते एवं चंद्रप्रकाश पुरोहित के पुत्र दत्तात्रेय पुरोहित वर्तमान में भोपाल से कंप्यूटर इंजीनियरिंग साइंस में बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं।

हिंदू नव वर्ष के पंचांग का विमोचन

धोरीमना, (कासं) । विद्या भारती की ओर से संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक धोरीमना में मंगलवार को हिंदू नव वर्ष संवत 2082 के पंचांग का विमोचन किया गया। प्रधानाचार्य नारायण दास माली ने बताया कि यह पंचांग न केवल तिथियां का लेखा-जोखा है, बल्कि हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संजीव दर्पण है। इस पंचांग के माध्यम से आप सनातन धर्म के पर्वों, विशेष अवसरों और दिन प्रतिदिन की तिथियां का सटीक बोध प्राप्त कर सकते हैं। यह पंचांग भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की परंपराओं से जुडा एक अमूल्य प्रतीक है। इस पंचांग में हिंदू चैत्र मास से लेकर सभी मासो का वर्णन, तिथियां का वर्णन बहुत सरल माध्यम से देखा जा सकता है। इस अवसर पर उप समिति धोरीमन्ना के अध्यक्ष सुरेश कुमार जी गीगल, सरंक्षक नेमीचंद जी बोहरा, उपाध्यक्ष भीमराज जी सोनी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मालू, समिति सदस्य गोपाल भार्गव, बीरबल जाणी, विद्यालय के निदेशक तेज सिंह चौहान, अभिभावक, आचार्य गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जिला पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 27 से

जालोर, (कासं)। जिला पावर लिफ्टिंग संघ के तत्वावधान में 27 मार्च को जिला स्तरीय जूनियर, सब जूनियर, मास्टर पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता सुदेलाव तालाब स्थित आर्य हनुमान व्यायामशाला में शाम 6 बजे आयोजित होगी। जिला पावर लिफ्टिंग संघ के सचिव कांतिलाल आर्य ने बताया कि पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के सभी वर्ग के मुकाबले होंगे। पुरुष वर्ग में 53, 59, 66, 74, 83, 93,105 120, 120 महिला वर्ग में 43, 47, 52, 57, 63, 69, 76 ,84, 84 भार वर्ग के अलग-अलग मुकाबला होंगे। उन्होंने बताया कि सब जूनियर मे सन 2007 से 2013 तक(12 से 18 आयु के), जूनियर में 2002 से 2007 (19से 23 आयु के) तथा मास्टर वर्ग सन 1985 से अधिक(40 वर्ष से अधिक) वाले भाग ले सकते है। आर्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित जिला पावर लिफ्टिंग टीम 30 व 31 मार्च को धौलपुर में होने वाली 13वीं राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

नाहटा चिकित्सालय का निरीक्षण

बालोतरा, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने बुधवार को नाहटा चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने चिकित्सालय में कोटेज वार्ड, दंत चिकित्सक कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में साफ सफाई एवं दंत चिकित्सक को आवश्यक उपकरण के लिए निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल के ऊपरी तल में स्थित कोटेज वार्ड शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने चिकित्सालय के पार्किंग स्थल में स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स को नगर परिषद से समन्वय स्थापित कर शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निमार्णाधीन दवा वितरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यवाहक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. एल. खत्री, नर्सिंग अधीक्षक मूलाराम, नर्सिंग ऑफिसर मदनेश पवार , पदमाराम व अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

आहोर उपखंड के राशन डीलरों की बैठक ली

जालोर, (कासं)। खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत गिव-अप अभियान को लेकर प्रवर्तन निरीक्षक पदमा चौधरी ने बुधवार को पंचायत समिति सभागार में आहोर उपखण्ड के राशन डीलर्स की बैठक ली। बैठक में प्रवर्तन निरीक्षक पदमा चौधरी ने गिव-अव अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करने की बात कहते हुए बताया कि अपात्र व्यक्ति विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर अपना नाम हटवा सकते हैं। 31 मार्च के पश्चात् अपात्र लोगों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। बैठक में राशन वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए आईरिश कैप का वितरण किया गया। बैठक में राशन डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरसिंह दान, मादाराम, चतराराम, देवाराम, विजेन्द्रसिंह, हनीफ खां आदि उपस्थित रहे।

तीन विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

सायला, (निसं)। सायला उपखंड मुख्यालय पर स्थित रामदेव शिक्षण संस्थान के तीन विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय जसवंतपुरा में चयन हुआ है। निदेशक जयंतीलाल जीनगर ने बताया कि जवाहर नवोदय समिति द्वारा 18 जनवरी 2025 को कक्षा 6 के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमे स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसका मंगलवार को घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के वरुण बालोत, संजय कुमार व ललित कुमार का चयन हुआ। जिस पर विद्यालय परिवार तथा अभिभावकों ने खुशी जताई है। साथ ही चयनित हुए विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया।

रोटरी क्लब की बैठक आयोजित

सायला, (निसं)। शहर के एक निजी प्रतिष्ठान्न में बुधवार को रोटरी क्लब सायला की बैठक मोहन पाराशर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें रोटरी क्लब सायला की कार्यकारिणी बनाने एवं सदस्य जोडने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही मोहन पाराशर ने रोटरी क्लब के तत्वावधान में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर, गांव व शहरों में हेल्प मिशन समेत अन्य कार्यो के बारे मे जानकारी दी। इस दौरान राजेन्द्र माहेश्वरी, वि मसिंह दहिया, अशोक अग्रवाल, वस्तुपाल जैन, दिनेश सुथार ओटवाला, छैलाराम सैन, भंवरलाल सुथार, पारसाराम राणा मौजूद रहे।

जिला किसान सम्मेलन व कृषक उत्पादक संगठन कार्यक्रम में किसानों को लाभांवित किया

जैसलमेर में विधायक छोटूसिंह भाटी के मुख्य आतिथ्य में पात्र किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व मंजू सोलंकी ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की अनुदानित योजनाओं से कई जनों को लाभांवित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय परिसर बीछवाल, बीकानेर में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन एवं कृषक उत्पादक संगठन कार्यक्रम का राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा उद्घाटन करने के साथ ही किसानों से संवाद किया गया। वहीं जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं कृषक उत्पादक संगठन कार्यक्रम जालोर क्लब जालोर में किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व मंजू सोलंकी ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा अनुदानित योजनाओं यथा-खेत तलाई, सिंचाई पाईपलाईन, तारबंदी, ड्रीप संयंत्र स्थापना से लाभान्वित कृषक नेनाराम पुत्र पकाराम माली को 12 हजार, जसवन्तसिंह पुत्र मोडसिंह को 15 हजार, सिकन्दर खान पुत्र मोहम्मद खान को 15 हजार, राणसिंह पुत्र किशोरसिंह को 40 हजार, अमरसिंह पुत्र बलवन्तसिंह को 40 हजार, श्रीमती केसीदेवी पत्नी भोमाराम को 1,71,963 रूपये, तलसाराम पुत्र सुमेरमल को 91,103 रूपये, लीलाराम पुत्र कपुराजी को 177957 रूपये, अर्जुनसिंह पुत्र तगसिंह को 2,17,707 रूपये व दलपतसिंह पुत्र गुमानसिंह को 1,97,971 रूपये की अनुदान राशि के प्रतीकात्मक चैक प्रदान किए गए। मंच संचालन विमला पुरी व विष्णु कुमार गुर्जर ने किया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामलाल जाट, उद्यान विभाग के उप निदेशक एल.एन. यादव, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सुनील वीरभान, उप निदेशक कृषि नरेन्द्र सिंह राठौड़, मंडी सचिव के.एस. भाटी, उपनिदेशक कृषि विस्तार खुमानसिंह रूपावत, सहायक निदेशक कृषि विस्तार जगदीश प्रसाद के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहित जिले के कृषक, पशुपालक, कृषक हितधारक व कृषक उत्पादक संगठन उपस्थित रहे।

जैसलमेर संवाददाता के अनुसार : जैसलमेर जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन उत्कर्ष जैन भवन जैसलमेर में विधायक छोटूसिंह भाटी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस मौके पर जिला प्रमुख प्रताप सिंह सौंलकी, जिला कलैक्टर प्रताप सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम, उपखण्ड अधिकारी सक्षम गोयल, आयुक्त नगरपरिषद लजपाल सिंह सौढ़ा, नाबार्ड के उप महाप्रबंधक प्रदीप कुमार, समाजसेवी चंद्रप्रकाश शारदा, श्रीमती सुनिता भाटी, कंवराजसिंह चौहान, हिम्मताराम चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, जिले के पुरुष एवं महिला किसान तथा पशुपालक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान वचुअली जैसलमेर जिले के काठौड़ी गांव के किसान लाभूराम प्रजापत तथा पशुपालक लौद्रवा निवासी देवीसिंह से सीधा संवाद किया एवं दोनों लाभार्थियों से उनको मिली कृषि व पशुपालन विभाग की अनुदान योजनाओं का फीडबैक भी लिया। संवाद के दौरान लाभूराम ने बताया कि कृषि विभाग की तारबंदी योजना के तहत हमें तीन किसानों को समूह योजना में एक लाख 20 हजार रुपये की खेत की तारबंदी के लिए अनुदान मिला है। इसी प्रकार देवीसिंह को पशुपालन विभाग ऊष्ट संरक्षण योजना के तहत प्रति ऊंट 5000 के हिसाब से 25 हजार रुपये की पांच ऊंटों की सहायता मिली है। इन दोनों लाभार्थियों ने सहायता राशि के लिए मुख्यमंत्री का तहेदिल से आभार व्यक्त किया

जिला स्तरीय किसान सम्मेलन के दौरान जैसलमेर विधायक भाटी, जिला प्रमुख सौंलकी एवं जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने किसानों को डिग्गी निर्माण, तारबंदी, सामुदायिक जल स्त्रौत, खेत तलाई, कृषि यंत्र, फंव्वारा सयंत्र, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, पाईप लाईन, सोलर पम्पसैट के लिए अनुदान राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान कर उन्हें लाभान्वित किया। इस मौके पर संयुक्त निदेशक, कृषि विस्तार जीवणराम भाखर एवं संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. उमेश वरंगटीवार ने अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया।

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय जैसलमेर द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित प्रचार- प्रसार से संबंधित साहित्य का आमजन को वितरण किया।

राणा सांगा पर आपतिजनक टिप्पणी के विरोध में सर्व समाज ने जताया रोष

पाली, (नि.सं.)। राज्यसभा में राणा सांगा पर आपतिजनक टिप्पणी करने वाले रामजीलाल सुमन की सदस्यता रद्द करने व कार्रवाई से टिप्पणी हटाने को लेकर पाली के हिन्दू संगठनों, श्री राजपूत करणी सेना, समस्त राजपूत समाज एवं सर्वसमाज की अगुवाई में जिला कलेक्टर के माध्यम से उपराष्ट्रपति को ज्ञापन दिया गया।

श्री राजपूत करणी सेना पाली जिलाध्यक्ष अजयपाल सिंह हेमावास ने बताया की 22 मार्च 2025 को समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राज्यसभा में की गईं टिप्पणी अत्यंत आपतिजनक और ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत थी। इन्होने राणा सांगा ,जो भारतीय इतिहास के महान योद्धा व स्वतंत्रता के प्रतीक हैं। राणा सांगा को गद्दार कहकर न केवल उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई हैं , बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं को भी आहत किया है।

श्री राजपूत करणी सेना मारवाड़ संरक्षक गजेन्द्र सिंह कालवी ने बताया कि इतिहास के अनुसार बाबर को भारत में बुलाने का कार्य दौलत खान ने किया। राणा सांगा ने अपने पुरे जीवनकाल में भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ वीरता का प्रदर्शन किया इस दौरान रामजीलाल सुमन का पुतला व टायर जला कर प्रदर्शन किया गया।

राणा सांगा पर आपतिजनक टिप्पणी के विरोध में पाली में सर्व समाज के लोगों ने राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के पुतले की शव यात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

इस दौरान महाराणा प्रताप कमांडों फ़ोर्स से महेंद्र सिंह नरुका , विश्व हिन्दू परिषद् - बजरंग दल से अनिल चौहान ,प्यारा हिंदुस्तान परिवार से रमेश थावानी, सनातनी सेना हरीसिंह राजपुरोहित, शिव सेना उद्दव से सोहन सिंह राव, शिव सेना शिंदे से तखत सिंह सोलंकी, भगत सिंह संस्था से लक्ष्मण गोस्वामी, जय भवानी संस्थान से छोटू सिंह उदावत वीर दुर्गादास शिक्षण संस्थान से जवान सिंह मानी, श्री राजपूत युवा संगठन से ऋषिपाल सिंह मण्डली, राजपूत ऑफ पाली से देवेन्द्र सिंह सोनीगरा, प्रह्लाद सिंह उतवण, चेतन सिंह झाला , केसर सिंह, गोपाल सिंह शेखावत , महावीर सिंह टेवाली , परबत सिंह वेलार, नरेन्द्र सिंह शेखावत, दलपत सिंह गुडा नारकान ,विरेन्द्र सिंह नरुका , विक्रम पाल सिंह माताजी गुडा, पुष्पेन्द्र सिंह हेमावास , अर्जुन सिंह भेड़, भीम सिंह खातोलाई, अरविन्द सिंह सोवनिया एवं समस्त राजपूत समाज, सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

वहीं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पाली के द्वारा आज बुधवार को जिला कलेक्टर के द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

साधारण सभा स्थगित

जालोर, (कासं)। जिला परिषद की साधारण सभा की विशेष बैठक जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में 27 मार्च, गुरूवार को आयोजित की जानी थी जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अब यह बैठक 7 अप्रेल को दोपहर 12.30 जिला परिषद सभा भवन में आयोजित की जायेगी।

जल सेवा दी

बालोतरा, (निसं)। जल ही जीवन है इस महत्वपूर्ण संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब इंडिया डिस्ट्रिक्ट द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। क्लब की सचिव भावना गोगर ने बताया कि वी क्लब ने विभिन्न स्थानों पर पानी के केन रखवाए, जिससे राहगीरों और यात्रियों को नि:शुल्क स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके और वे स्वस्थ रह सकें। कार्य को क्लब की अध्यक्ष श्वेता सालेचा के नेतृत्व में किया गया।

खोया - पाया

मै हरीराम पुत्र श्री हुकमाराम निवासी प्लॉट नं.29खसरा नं. 479 भागली सिन्धलान जालोर मेरी इस प्रोपट्टी की Chain document पुस्तक संख्या - 1जिल संख्या -534 पृष्ठ संख्या - 200 क्रम संख्या - 2012005766 पर पजीबंध किया गया तंथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या - 1 जिल्द संख्या - 1378 के पृष्ठ संख्या -399 से 420 पर चस्पा किया गया । जो कि राणसिंह, रामसिंह व लीलाकंवर द्वारा अभयसिंह को बेची थी । यह रजिस्ट्री कई खो गई है जिस किसी को भी यह रजिस्ट्री मिले कृपया इस पते पर संपर्क करे । -

हरीराम पुत्र श्री हुकमाराम प्लॉट नं 29 HRB Granite भागली सिन्धलान जालोर
मो. 9660606193

कार्यालय जिला कलक्टर (भू - अ.) जालोर

क्रमांक : क्रमांक / भू-अ /2025/2372 दिनांक : 26/03/2025

निविदा सूचना संख्या /2344/2024-25 प्रकाशन बाबत

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस विभाग में संवेदको से कार्य (2) अनुमानित राशि 24.47 लाख के लिये निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 28.03.2025 प्रात 10:00 बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है । संबधित पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in / eproc.rajasthan .gov.in पर देखा जा सकता है

UBN NO. - PHE2425GLOB12266
NIB NO. - PHE2425A5596

विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक हुई

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक सम्पन्न हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में रीको औद्योगिक क्षेत्र भीनमाल में मीठे पानी व सड़क की व्यवस्था तथा जालोर औद्योगिक क्षेत्र में पीने के पानी व सडकों की खराब स्थिति, रोड लाईट की व्यवस्था, उद्यान/बगीचों के विकास से संबंधित बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में रीको के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सुभाष चन्द्र गर्ग ने बताया कि इस वर्ष भीनमाल व जालोर औद्योगिक क्षेत्रों के लिए राज्य बजट में पर्याप्त प्रावधान किया गया है। रीको द्वारा शीघ्र ही तकमीना स्वी.त करवाया जाकर इसी वर्ष कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। पर्यावरण विभाग द्वारा जालोर के ग्रेनाईट उद्योग को ऑरेंज श्रेणी में लिया गया हैं।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कैटगरी परिर्वतन करने के लिए प्रदूषण विभाग के अधिकारियों से चर्चा के उपरांत प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाने का आश्वासन दिया।

जिला कलैक्टर ने भागली क्षेत्र में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने भागली तृतीय चरण में 33 केवी जीएसएस कार्य पूर्ण करने को लेकर डिस्कॉम अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में ग्रेनाईट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश परमार ने बताया कि वर्तमान में ग्रेनाईट कटिंग व पॉलिसिंग मशीनरी में नई तकनीक के उपयोग से केरोसीन/ऑयल का उपयोग पूर्णतया बंद है। कम मात्रा में पानी का उपयोग हो रहा है जिससे प्रदूषण शून्य हो रहा है। ग्रेनाईट स्टोन पाउडर स्लरी का शत-प्रतिशत उपयोग हो रहा है।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना की बैठक का आयोजन भी किया गया।

बैठक में सदस्य सचिव एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जालोर के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी द्वारा 16 इकाईयों के 29 स्टाम्प डयूटी व भूमि रूपान्तरण के प्रकरणों को अनुमोदन के लिए रखा गया।

कमेटी द्वारा बैठक में समस्त 29 प्रकरणों का जिनमें पात्रता प्रमाण पत्र जारी किये गये थे, उनका अनुमोदन किया गया।

बैठक में वाणिज्य कर अधिकारी महेन्द्र पालीवाल, डिस्कॉम एसई एन. एल. सुथार, आरएफसी ब्रांच मैनेजर पाली, फैक्ट्री बॉयलर्स के वरिष्ठ सहायक मुकेश बराड़, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता राकेश सैनी, ग्रेनाईट एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं कृषि मण्डी सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

कांग्रेस की बैठक

जालोर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र जालोर प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया के मुख्य आतिथ्य में पुखराज पाराशर, रमिला मेघवाल के विशिष्ट अतिथि एवं ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल की अध्यक्षता में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,जालोर की संगठनात्मक बैठक बुधवार को राजीव गांधी भवन जालोर में रखी गई।

प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया ने कहा कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बूथ, मंडल एवं ब्लॉक स्थर तक कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने आयाहूं।

जन अभाव निराकरण समिति पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि संगठन की बैठके नियमित होनी चाहिए जिससे संगठन और अधिक मजबूती से कार्य कर सके।

बैठक को प्रदेश सचिव एवं सह प्रभारी हरीश परिहार, प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, प्रदेश सचिव शहजाद अली, इशरराम विश्नोई, सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह, पूर्व सभापति इंदु परिहार, सुष्मिता गर्ग ने भी सम्बोधित किया। जिला उपाध्यक्ष जुल्फीकार अली, नगर अध्यक्ष मुमताज अली, मंडल अध्यक्ष जालौर रमेश सोलंकी, बिशनगढ मंडल अध्यक्ष सावलाराम देवासी, किशनाराम चौधरी, मिश्रीमल गहलोत, जुझाराम मेघवाल, ईश्वर सिंह बालावत, अर्जुन सिंह राजपुरोहित, बसंत सुथार, लक्ष्मण साखला, कैलाश शर्मा, देवाराम सांखला आदि उपस्थित थे।

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001
क्रमांक/क.ब./2024-25/41 दिनांक - 26.03.2025

-:: प्रसारित नोटिस उजरदारी ::-

श्रीमती रश्मि झंवर पत्नी श्री कपिल कुमार झंवर जाति माहेश्वरी निवासी काछबा पाडा तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या ए-2 साईज 818.5 वर्गफीट 1. श्रीमती संकुतला पत्नी श्री जगताराम खत्री निवासी गीता आश्रत कच्ची बस्ती जैसलमेर 2. श्री विरेन्द्र पुत्र श्री अमृतलाल जाती भार्गव निवासी गीता आश्रम कच्ची बस्ती जैसलमेर से अपंजीकृत बेचान एग्रीमेन्ट से प्राप्त किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती रश्मि झंवर पत्नी श्री कपिल कुमार झंवर जाति माहेश्वरी निवासी काछबा पाड़ा तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय मे 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे ।

आयुक्त
नगर परिषद् जैसलमेर

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001
क्रमांक/क.ब./2024-25/40 दिनांक - 26.03.2025

-:: प्रसारित नोटिस उजरदारी ::-

श्री कपिल कुमार झंवर श्री किशोरीलाल झंवर जाति माहेश्वरी निवासी काछबा पाड़ा तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या ए -1 साईज 837 वर्गफीट श्री गोपालराम पुत्र श्री अमृतलाल जाति भार्गव निवासी गीता आश्रम कच्ची बस्ती जैसलमेर से अपंजीकृत बेचान एग्रीमेन्ट से प्राप्त किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री कपिल कुमार झंवर पुत्र श्री किशोरीलाल झंवर जाति माहेश्वरी निवासी काछबा पाड़ा तहसील व जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय मे 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे ।

आयुक्त
नगर परिषद् जैसलमेर

कार्यालय विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी, पंचायत समिति, जालोर

क्रमांक : पंसजा / लेखा /2025/778 दिनांक : 26/03/2025

विस्तृत खुली बोली दर संविदा आमंत्रण सूचना 2024-25

पंचायत समिति कार्यालय में एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना मे मासिक आधार पर आवश्यकतानुसार चार प्रशिक्षित कम्प्यूटर ऑपरेटर मय सिस्टम (मैन विथ मशीन) एवं अन्य मानव सेवा (वाहन चालक) का दिनांक 31.03.2026 तक मासिक दर अनुबंध करने हेतु बोलीदाता / संवेदको से मोहरबंद खुली बोली (निविदा) दिनांक 03.04.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक निम्न प्रकार आमंत्रित की जाती है निविदा के संबधित विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है

NIB NO. - ZJR2425A0630
UBN NO. - ZJR2425SSOB01206

विकास अधिकारी
पंचायत समिति जालोर (राज.)

कार्यालय नगर पालिका मण्डल रानी खुर्द जिला-पाली राज.
टेलि नं. - (02934) 222084 ई-मेल - eombrani@gmail.com

क्रमांक / न.पा.रा. / स्टोर / 2024-25 / 8318 दिनांक 26-03-2025

-:: संशोधित निविदा सूचना ::-

पालिका द्वारा जारी निविदा सूचना कमांक 8088 दिनांक 18.03.2025 को जारी की गई थी। जिसमें कार्य संख्या 1 जे.सी.बी. आपरेटर आपूर्ति कार्य (अनुमानित लागत 5.00 लाख रूपये), जिसकी निविदा तिथि 27.03.2025 निर्धारित हैं, की निविदा को अपरिहार्य कारणों से एतद्द्वारा निरस्त किया जाता हैं।

राज.संवाद / सी / 24 / 14015 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

प्ररूप-10
(नियम-6(7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका, सोजत (पाली)

क्रमांक / नपासो / ना.शा. / 2024-25 / 635 दिनांक 24.03.2025

-: लोक सूचना :-

अग्रलिखित खातेदारों द्वारा सोजत शहर एवं उसके नगरीय योग्य सीमा क्षैत्र में इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क. सं.	प्रार्थी का नाम	जिला	ग्राम	चक नं.	खसरा नं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	भूखण्ड संख्या	प्रस्तावित प्रयोजनार्थ
1	श्री कन्हैया लाल बौराणा पुत्र श्री भाना राम	पाली	सोजत	2	1679/1	1600.00		कृषि आधारित उधोग

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति